कृषक सम्मेलन में वीयू के बनाए गए गोबर गमलों से होगा सत्कार

'तुलसी' करेंगी 'शिव' का वेलकम

प्रदेश टुडे संवाददाता, जबलपुर

कल होने जा रहे कृषक सम्मेलन की तैयारियां लगभग अंतिम चरणों में हैं और इस सम्मेलन को पारम्परिक और धार्मिक बनाते हुए प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह का स्वागत ईको फ्रेंडली गोबर के गमलों में रोपे गए तुलसी के पौधों से किया जाएगा। चयनित किसानों व मुख्यमंत्री के इस तरह का स्वागत नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ प्रयाग दत्त जुयाल की पहल पर किया जा रहा है।

सम्मेलन में यह पहली बार होने जा रहा है जब मुख्यमंत्री और किसानों का स्वागत गोबर के गमले में लगाई गई तुलसी के पौधों से किया जाएगा। सीएम के साथ ही 50 किसानों को भी यह गमले देकर सत्कार किया जाएगा। सम्मेलन में करीब 1 लाख किसानों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए उम्मीद लगाई जा रही है कि वीयू के इस ईको फ्रेंडली प्रोडक्ट के लिए सीएम कोई बड़ी घोषणा भी कर सकते हैं।

बताया जा रहा है प्रदेश में खेती के लिए रसायनिक खाद और पॉलीथिन के दुष्प्रभाव को देखते हुए इसे खत्म करने को लेकर की जा रही राज्य सरकार कवायद कर रही है। ऐसे में नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी जबलपुर की पंच गव्य इकाई द्वारा निर्मित किए गए गमले ईको फ्रेंडली प्रोडक्ट का सबसे अच्छा संदेश साबित होंगे। इस लिहाज से इन गमलों की महत्ता और भी बढ़ गई है।

2 साल से चल रहा काम : डॉ. जुयाल

इस संबंध मे वैटरनरी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जुयाल ने बताया वीयू द्वारा बनाए गए गोबर के गमले पर वैज्ञानिक पिछले करीब 2 साल से काम कर रहे है। गांव-गांव में किसानों और पशुपालकों को इसे प्रायोगिक तौर पर दिए गए थे। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। अब इसे हम इसे बड़े स्तर पर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

सम्मेलन मे हम सभी अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ की जगह गोबर से बने गमले मे लगे तुलसी के पौधे भेंटकर करेंगे। कार्यक्रमो मे पुष्पगुच्छ की जगह इसे ही प्रमोट किया जाएगा। इसके साथ ही स्व सहायता समूहो को वीयू द्वारा गाय के गोबर से बनाए जाने वाले उत्पाद के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

छवि भारद्वाज,
कलेक्टर जबलपुर